तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 13 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 ज्योति-जंवारा के साथ प्रतिमाओं का किया विसर्जन...



10 किसानों के आंदोलन को अखिल भारतीय ...



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### पर्व : जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में हुआ मुख्य कार्यक्रम

# धूमधाम से मना बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा, जलाया 35 फीट ऊंचा रावण पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य के विजय के प्रतीक का पर्व दशहरा जिले में धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में हजारों लोगों की उपस्थिति में रावण के 35 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया गया। वहीं, पहली बार कुंभकर्ण और मेघनाथ के 26-26 फीट ऊंचे पुतले का भी दहन किया गया। इस दौरान हजारों लोगों ने भगवान श्री राम के जयकारे लगाए । इस बार रावण दहन के दौरान प्रशासनिक अमले की देखरेख चुस्त दुरुस्त रही। राम लीला के पात्रों ने अपने अपने किरदार के अनुसार रामायण का पाठ किया।

जिले का सबसे बड़ा दशहरा उत्सव शनिवार 12 अक्टूबर को कृषि उपज मंडी के मैदान में मनाय गया। रावण दहन से पूर्व रामलीला मंडली ने भगवान श्री राम एवं रावण के संवाद के पश्चात 7 बजे, 35 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया गया । रावण दहन के साथ ही आतिशबाजी की गई। उसके बाद विजयी राम, लखन, जानकी व वानर सेना का अभिनंदन किया गया। राम जी का राज्याभिषेक कर आरती उतार कर लोगों ने आशीर्वाद लिया। पुतला दहन के बाद अच्छाई का बुराई पर जीत का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू , पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा राजेंद्र शर्मा अन्य जन प्रतिनिधि व कलेक्टर ,एसपी सहित हजारों की संख्या में आमजन मौजूद रहे। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने मौजूद नागरिकों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरे का यह पर्व हमे सीख देता की सत्य की हमेशा जीत होती है।वनवास के दौरान श्री राम भगवान के मार्ग में अनेक कठिनाई पैदा की गई, परंतु वे अपने सत्य के वचन पर अडिग रहकर एक आदर्श प्रस्तुत किया। श्री साहू ने आगे कहा कि आज पूरे विश्व में सभी सनातनी राम राज्य की परिकल्पना कर रहे हैं।

कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था बनाने में पुलिस टीम सक्रिय रहर। दशहरा उत्सव मेला के स्वरूप मे हुआ जहो पर विभिन्न प्रकार के झूले, होटल, मिठाई एवं खिलौनों सहित कई तरह की दुकानें लगी थीं।

### मंडली ने किया रामलीला का मंचन

दशहरा आयोजन के दौरान रामलीला का मंचन किया गया। मंच पर राम की वानर सेना व रावण की राक्षसी सेना दोनों के बीच संवाद हुआ। उसके बाद दोनों में प्रतिकारात्मक युद्ध हुआ। युद्ध के पश्चात रावण वध किया गया। उसके बाद राज्याभिषेक किया गया। इसके पूर्व दोनों दल शहर स्थित राममंदिर प्रांगण में तैयार होकर शाम 5 बजे मैदान के लिए रवाना हुए थे, जो मुख्य मार्ग होते हुए मंडी मैदान पहुंचे।

### दो गेट खोले गए थे

मंडी परिसर में आने जाने के लिए जहां रायपुर रोड स्थित गेट व मंडी के मुख्य गेट रखा गया था जहां से लोगों का आना जाना होता रहा है। वाहनों को पुराना बस स्टैन्ड व गस्ती चौक के पास रोक दिया गया था, जहां से लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पैदल ही जाना पड़ा।



### सुबह से पुतला लगाने में जुटे

मंडी परिसर में रावण दहन की तैयारी की गई। लोहे की पाइप के सहारे रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले को खड़ा किया गया। बोरी, लकड़ी व भूसा डाल कर बनाए गए पुतले के दहन के लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। सुबह से जारी घंटों की मशक्कत के बाद रावन का पुतला बारह बजे के करीब खड़ा हो पाया। वहीं, पुतला दहन के दौरान पुतला से लोगों को दूर रखने के लिए बांस से घेरा बनाया गया था।

### मेले का माहौल, हजारों लोगों की भीड़ जुटी

कृषि उपज मंडी में आयोजित दशहरा पर्व के दौरान मेला की तरह माहौल रहा । तरह तरह की दुकानें लगाई गई थीं, जिसमें लोगों ने खूब खरीदारी की। सबसे अधिक बिक्री मिठाई, पान व फलों की हुई। मेला स्थल के आलावा पुराना बस स्टैन्ड, गस्ती चौक, मंडी परिसर, रायपुर रोड, नया बस स्टेन्ड ,प्रताप चौक पर मिठाई की दुकान लगी थीं। इस दौरान आसपास के गांव बैजी ,लोलेसरा, गांगपुर मोहतरा,नवगाव, कोबिया, गुनरबोड़, मटका ,बसनी, कंतेली, हथमुडी समेत अनेक गांवों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। रावण वध एवं भगवान राम की आरती के बाद लोगों ने रामजानकी मंदिर पहुंच कर देव दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

# कार व बाइक में भिड़ंत एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पुलिस चौकी देवकर मुख्यालय से गुजरे स्टेट हाइवे पर स्थित गब्दी पुल के पास दशहरा पर्व के दिन कार और मोटरसाइकिल में जोरदार भिड़न्त हो गई। इस दुर्घटना में समीप के गांव के एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रिफर किया गया। बता दें कि देवकर चौकी एवं धमधा थाना के सरहद पर विगत हफ्तेभर के अंतराल में सड़क दुर्घटना का यह लगातार दूसरा मामला है।

- 0 स्टेट हाइवे पर देवकर स्थित गब्दी पुल के पास हुई दुर्घटना

देवकर पुलिस चौकी से मिली जानकारी के मुताबिक धमधा थाना इलाके के ग्राम नन्दवाय निवासी रेखचन्द यादव(40वर्ष) एवं केवल राम बंजारे दोपहिया वाहन से समीप के नगर देवकर से होकर अपने गांव जा रहे थे। इसी बीच सुबह लगभग सवा 11 बजे नगर मुख्यालय से महज 02 किलोमीटर दूर स्थित गब्दी नाले के पुल विपरीत दिशा से आ रही जबलपुर पासिंग की कार से जोरदार भिड़न्त हो गई। इस मोटरसाइकिल एवं कार की भयंकर टक्कर में बाइक चालक रेखचन्द यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं सवार केवल राम को नाजुक स्थिति में दुर्ग अस्पताल उचित इलाज के लिए ले जाया गया। जबकि दूसरी ओर दुर्ग से मध्यप्रदेश के जबलपुर की ओर जा रही कार में सवार लोग भी टक्कर के कारण चोटिल हुए। कार में बच्चों सहित बुजुर्ग व्यक्ति भी सवार थे। सूचना मिलने पर देवकर चौकी की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने घायलों को उपचार के रवाना किया एवं मृतक का पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसके बाद मृतक की बॉडी परिजनों को सौंपी गई। पुलिस ने कार चालक को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, गाड़ी की भी जब्ती बनाकर चौकी लाया गया है।बताया जा रहा है कि गब्दी पुल के पास दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी। वहीं, तीव्र गति से टकराने के कारण यह दुर्घटना हुई है। देवकर चौकी प्रभारी डीपी देशलहरे ने बताया कि इस संबंध में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच-तफ्तीश की जा रही है। वहीं आरोपी चालक की गिरफ्तारी भी कर ली गयी है।

## खबर संक्षेप



### जिला चिकित्सालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**बेमेतरा।** संचालक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण छ.ग., संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के निर्देश जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ के मार्गदर्शन पर 12 अक्टूबर को वर्ल्ड हॉस्पिस एंड पैलिएटिव केयर डे के अवसर पर जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय बेमेतरा में किया गया। डॉ भेखराम साहू, नोडल अधिकारी, एवं डॉ स्वाति यदु अस्पताल सलाहकार के नेतृत्व में उक्त शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय प्रशामक देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत इस वर्ष अवसर पर जागरूकता अभियान चलाकर स्वास्थ्य प्रदाताओं तथा जनसमुदाय के लिए विभिन्न गतिविधियां की गईं। इस दौरान जनसमुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया तथा परिवारों और देखभालकर्ताओं के साथ जुड़कर राष्ट्रीय प्रशामक देखभाल कार्यक्रम (एनपीपीसी) के तहत उपलब्ध सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उक्त स्वास्थ्य शिविर में कुल 39 हितग्राहियों ने शामिल होकर लाभ प्राप्त किया। इस शिविर में जिला चिकित्सालय से डॉ राजेंद्र जायसवाल,नर्सिंग ऑफिसर गुरु प्रसाद देवांगन,स्टाफ नर्स अंजु यादव,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ऋषि जांगडे के साथ एनसीडी कार्यक्रम के स्टाफ ने सेवाएं प्रदान कर जागरूकता अभियान के साथ स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया।

### गुरूर में आरएसएस का विजयादशमी उत्सव आज

**गुरूर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गुरूर द्वारा विजयादशमी उत्सव का आयोजन 13 अक्टूबर को देऊर मंदिर प्रांगण गुरूर में दोपहर 2:30 से 5 बजे तक किया गया है। इसके तहत संचालन प्रारंभ दोपहर 3:10 बजे देऊर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगा। नगर भ्रमण पश्चात समापन देऊर मंदिर प्रांगण में होगा। उसके बाद बौद्धिक होगा। इसमें मुख्य वक्ता विभाग संपर्क प्रमुख प्रशांत सोनी होंगे, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पेंशन समाज जिला बालोद जीके साहू करेंगे।

# पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण ने की शस्त्र पूजा

### विजयादशमी पर एसपी ने रक्षित केन्द्र में की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विजयादशमी पर्व पर परंपरा के अनुसार हर वर्ष की भांति रक्षित केंद्र में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं पुलिस अमले की उपस्थिति में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा एवं शस्त्र की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान एसपी ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को असत्य पर सत्य की जीत के पर्व विजयदशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रक्षित केंद्र के साथ-साथ जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस महकमे ने अपने-अपने थानों में पूजा अर्चना की।

जिला मुख्यालय स्थित रक्षित केंद्र में शस्त्र पूजा के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू, रक्षित निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं रक्षित केन्द्र के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले के थाना/चौकी प्रभारियो के द्वारा भी अपने-अपने थाना-चौकी में शाक्ति स्वरूपा मां दुर्गा एवं शस्त्र की पूजा विधि विधान से की गई ।

# मानाबंद तालाब में हुई गंगाआरती, नगर की महिलाओं ने किया दीपदान



**नवागढ़।** हर साल की तरह शारदीय नवरात्रि की दुर्गाष्टमी पर शमी गणेश शारदा महामाया पर्यटन समिति नवागढ़ एवं नगरवासियों द्वारा नगर के प्राचीन मंदिर में माँ महामाया की आरती के साथ मंदिर के सामने मानाबन्द तालाब परिसर के चारों और एक साथ एक स्वर में ऐतिहासिक महाआरती, गंगा आरती कर दीपदान का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने आरती की। नगर में शारदीय नवरात्र में लगातार सातवीं बार हो रही महाआरती में बड़ी संख्या में नगर के सुकुल पारा, बावा पारा, बीच पारा, देवांगन पारा, मिश्रा पारा, दर्री पारा, बावली पारा, शंकर नगर सहित सभी मुहल्लों की महिलाएं सम्मिलित होकर तालाब किनारे एक साथ एक स्वर में आरती की, जिसके साक्षी सभी नगरवासी बने। आरती के बाद महिलाओं अपने घर से लाए हुए दीपों का मां महामाया और गंगा मैया के चरणों में दीप दान किया। आयोजक पर्यटन समिति अध्यक्ष विकास धर दीवान ने कहा कि लगातार पिछले कई वर्षों से महाआरती नगर का एक प्रमुख धार्मिक आयोजन बन गयी है, जिससें क्षेत्रवासियों की आस्था जुड़ती जा रही है। इस आयोजन में हर वर्ग को सम्मिलित करने का विचार लेकर काम किये है,जिसके चलते आयोजन अनवरत जारी है। महाआरती में बंशी धर दीवान, मिंटू बिसेन, देवादास चतुर्वेदी, गिरेन्द्र महिलांग, मधु रॉय,राकेश जायसवाल, सुरेश निषाद, रामनाथ योगी, जितेंद नाथ योगी, बिहारी श्रीवास्तव,राजेश दीवान, शरद दीवान, श्रीकांत ठाकुर, जुगरु साहू,छन्नू सोनकर,मिथलेश सोनकर, धनीराम निर्मलकर, रिंकु चौहान, रवि यादव, भागवत सोनकर, शंकर सोनकर, सहित बड़े संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# कब्रिस्तान में किया गया बोर खनन



**दाढ़ी।** जनपद सदस्य अर्पित गुप्ता लगातार जनता की समस्याओं को साकार करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में उन्होंने क्षेत्र के मुसलमान समाज के कब्रिस्तान में लंबे समय से पेयजल की जरूरत को देखते हुए जनपद निधि से बोरवेल खनन कराया। इस पर मुसलमान समाज के लोगों ने आभार प्रकट करते हुए हर्ष जताया है। इस दौरान जनपद सदस्य अर्पित गुप्ता ने कहा कि बोर खनन के 15 दिनों के भीतर इसमें मोटर पंप डालकर चालू किया जाएगा। इस अवसर पर साकिर खान, सत्तार खान, सलीम खान, समीर खान एवं मुसलमान समाज के लोग उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### ग्राम मटिया में अष्टमी पर किया हवन-पूजन

**रायपुर।** अष्टमी पर पारंपरिक तौर पर हवन का आयोजन किया गया। रायपुर और आसपास गांवों में जगह-जगह हवन कार्यक्रम किए गए। रायपुर से लगे ग्राम मटिया के रहवासियों ने हवन किया और माता से सर्वकल्याण की कामना की। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा ग्रामीणों ने मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब में आज पत्रकार- परिवार के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** प्रेस क्लब में रविवार को पत्रकारों एवं उनके परिजनों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित है, जहां ईको, इसीजी एवं अन्य जांच निशुल्क की जाएगी। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि वर्तमान में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिसमें अचानक ही हार्ट अटैक से जान चली गई है। कुछेक पत्रकार भी इसके शिकार हुए हैं। इस वजह से शरीर और खासकर हृदय का ध्यान रखना आवश्यक है। शिविर में दांतों एवं आंखों की जांच भी की जाएगी।

### केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा प्रदेश का अधिकार

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 6070 करोड़ केंद्र ने जो राज्यांश की राशि दी है, वह छत्तीसगढ़ से वसूले गए टैक्स का हिस्सा है। केंद्रीय करों में राज्य का हिस्सा प्रदेश का अधिकार है, एहसान नहीं। भाजपाई चाटुकारिता में इसे राज्य को उपहार बता रहे हैं। विगत 10 महीनों की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबाया, अमानत बेची, आरबीआई की सिक्योरिटी बेची, उसके बाबजूद पूर्ववर्ती सरकार की दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं बंद की और अब दलीय चाटुकारिता में केंद्रीय करों में राज्य को मिलने वाली हिस्सेदारी को उपहार बताकर भाजपा के नेता छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को अपमानित कर रहे हैं। भाजपा का चरित्र सहकारी संघवाद के खिलाफ है, संविधानिक व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है, राज्यों के आर्थिक हितों के खिलाफ केंद्र सरकार लगातार अधिनायकवादी रवैया अपना रही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता मौन हैं।



### सत्यापन के लिए नहीं आ रहे फार्मासिस्ट

**रायपुर।** ऑफलाइन मोड में जमा आवेदनों के निराकरण के लिए दस्तावेज सत्यापन कराने फार्मासिस्ट फार्मेसी कार्यालय नहीं आ रहे हैं। रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने बताया कि 30 सितंबर को इसकी सूचना प्रसारित की गई थी, फिर भी कई आवेदकों द्वारा यहां उपस्थित होकर पंजीयन क्रमांक प्राप्त नहीं किया गया है। ऐसे आवेदकों को 18 अक्टूबर तक का अंतिम अवसर दिया गया है, ताकि वे समस्त मूल दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराकर फार्मासिस्ट पंजीयन क्रमांक प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि इसके बाद ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों के पंजीयन क्रमांक का वितरण 21 अक्टूबर से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### मवेशी का शिकार करते तेंदुआ कैमरे में हुआ कैद

मैनपुर। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में वनविभाग द्वारा जंगल के भीतर लगाए गए कैमरा में एक तेंदुआ द्वारा मवेशी का शिकार करते तस्वीर कैद हुआ है। जिसकी पुष्टी उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने किया है।

### गणेशपुर में नाचा कार्यक्रम आज

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में 13 अक्टूबर रविवार को रावण वध होगा। रात्रि में जय मां सरस्वती छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी सुखरी डबरी उड़ीसा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष रामनारायण ध्रुव, कोषाध्यक्ष गौकरण साहू, संरक्षक मिथिलेशपुरी गोस्वामी, सलाहकार डॉ ललित निषाद, जीवनलाल साहू ग्राम पटेल, सरपंच रेखा कल्याण यादव, उपसरपंच हरिराम गेंडरे, गरीबाराम, जगदीशराम, लीलाराम, सालिकराम ध्रुव सहित आयोजक समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

# सरकारी कर्मियों से चुनावी वादा निभाने की पहल, कमेटी की पहली बैठक 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने राज्य के सरकारी कर्मियों से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य के शासकीय कर्मियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए 100 दिनों के भीतर एक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी बनने के बाद अब इसकी पहली बैठक 15 अक्टूबर को रखी गई है।

हालांकि अभी ये साफ नहीं है कि कर्मियों की किन समस्याओं, मांगों पर कमेटी विचार करेगी। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि इस बैठक का कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया है।

## कर्मचारी नेताओं का कहना- कमेटी की बैठक में कोई एजेंडा नहीं

### सात महीने पहले बनी थी कमेटी

भाजपा सरकार ने अपने वादे के मुताबिक सरकार के कार्यकाल के सौ दिन होने पर मार्च में कमेटी का गठन कर दिया था। इस कमेटी की अध्यक्ष प्रमुख सचिव निहारिका बारिक हैं। कमेटी में प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी विभाग, सचिव सामान्य प्रशासन, सचिव वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग शासकीय कर्मचारी कल्याण शाखा के सचिव को शामिल किया गया है।




### इन संगठनों को बुलावा

प्रमुख सचिव निहारिका बारिक की अध्यक्षता वाली कमेटी ने इस बैठक में प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ और तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दो-दो प्रतिनिधियों को बुलाया है। यह बैठक 15 तारीख को मंत्रालय में दोपहर 3 बजे से रखी गई है।

### मांगें और समस्याएं हैं कई

हालांकि निहारिका बारिक कमेटी की बैठक के लिए कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि किन मुद्दों पर बैठक होगी, ये साफ नहीं है। हालांकि दूसरी ओर देखा जाए, तो राज्य के शासकीय कर्मचारियों का एक बड़ा वर्ग अपनी कई मांगों को लेकर आंदोलित है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की मांग है कि शासकीय कर्मियों को चार प्रतिशत डीए दिया जाए। इसके साथ ही 2019 से लेकर अब तक डीए का एरियर्स दिया जाए। इसके साथ ही 300 दिनों का अर्जित अवकाश नगदीकरण और चार स्तरीय समयमान वेतन तथा केंद्र के समान गृहभाड़ा की मांग प्रमुख है। इन मांगों को लेकर आंदोलित कर्मचारी पिछले दिनों एक दिन के लिए कलमबंद हड़ताल कर सभी सरकारी दफ्तरों का कामकाज एक दिन के लिए बंद कर चुके है। अब फेडरेशन 20 अक्टूबर को फिर एक बैठक करके क्रमबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाने की रणनीति तैयार करने वाला है। इसी तरह विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों की अलग-अलग मांगें व समस्याएं हैं।

# मेडिकल और डेंटल के पीजी डाक्टर देंगे शपथपत्र नहीं करते प्रायवेट प्रेक्टिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरकारी अस्पतालों में पदस्थ होने के बाद निजी अस्पतालों में सेवा देने का मोह नहीं छोड़ पाने वाले डाक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग सख्त कदम उठा रहा है। डाक्टरों के बाद सरकारी मेडिकल कालेज के पीजी छात्रों से पाठ्यक्रम अवधि के दौरान प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं करने का शपथपत्र मांगा है। उन पर निगाह रखने की जिम्मेदारी डीन और विभागाध्यक्ष को दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सरकारी अस्पताल की सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सख्त रवैया अपना रहे हैं। उनके द्वारा निजी अस्पतालों में जाकर सेवा देने वाले डाक्टरों पर लगाम कसने के विभिन्न कदम उठाए गए हैं। हाल ही में नॉन प्रेक्टिस अलाउंस लेने वाले चिकित्सकों और भत्ता छोड़कर प्राइवेट अस्पताल में सेवा देने वाले डाक्टरों की मेडिकल कालेज स्तर पर सूची जारी की गई है। पिछले दिनों मेडिकल के साथ डेंटल कालेज में पीजी की पढ़ाई करने वाले छात्रों को निजी अस्पतालों से दूर रखने के लिए सख्ती दिखाई गई है। उन्हें अपना समय पढ़ाई पर फोकस करने निर्देशित करते हुए इस संबंध में शपथपत्र देने कहा गया है कि वे पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान निजी प्रेक्टिस अथवा अन्य अस्पतालों नौकरी नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश नियम एवं विवरणिका 2021 अनुसार इसे प्रतिबंधित किया गया है। आदेश के अंतर्गत सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं और प्राचार्य दंत चिकित्सा महाविद्यालय को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं इस नियम का कड़ाई से पालन करें।



■ सरकारी डाक्टरों के निजी अस्पताल के मोह पर सख्त हुआ विभाग

### स्वच्छता में जनभागीदारी बढ़ाने रेलवे कर रहा स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल की पहल

# रेलवे स्टेशनों पर अब स्वच्छता चौपाल, अफसरों को देंगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्टेशनों में स्वच्छता को लेकर रेलवे बोर्ड, लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में अब रेलवे देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाने जा रहा है, इसमें समावेशिता व 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों मंथन किया जाएगा। इसे लेकर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने सभी महाप्रबंधकों व मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिया। विशेष अभियान 4.0 के तहत छोटे और बड़े देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल से जोड़ा जाएगा। चौपाल में जन प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत और शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर स्टेशन की स्वच्छता में बेहतरी हेतु सुझाव लिए जाएगा, जिससे स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके।

हरिभूमि सरोकार

रेलवे का कहना है कि रेल चौपाल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी, जो यात्रियों को सुरक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक करेगी। यह सामुदायिक संवाद का एक मंच प्रदान करता है, जहां यात्री अपनी समस्याएं तथा सुझाव सीधे रेलवे अधिकारियों से साझा कर सकते हैं। इससे समस्या समाधान की प्रक्रिया को भी त्वरित बनाने में मदद मिलेगी।

## रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ सतीश कुमार ने देश के सभी मंडल और जोन को दिए निर्देश

### अभियान का दूसरा चरण 31 से

विशेष अभियान 4.0 का दूसरा चरण 2 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता है, जिसके तहत यात्रियों के साथ सीधा संवाद कर उन्हें साफ-सफाई, रेलवे सुरक्षा एवं रेलवे परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, यात्रियों व स्थानीय जनता से संबंधित सुविधाओं, समस्याओं के संबंध में जानकारी लेकर भारतीय रेल उनमें सुधार की ओर अग्रसर होगा।इसके तहत सभी नोडल अधिकारियों एवं रेलवे अधिकारियों को विशेष अभियान 4.0 की सफलता हेतु सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय रेल के बेहतरीन प्रदर्शन व उच्च मानक को स्थापित करना है।

### ग्राम पंचायत व शहरी निकाय के प्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा




### समय और लागत दोनों में कमी आएगी

इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल के माध्यम से समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए कार्यस्थलों की स्वच्छता एवं 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों पर ध्यान देना है। इस विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत दक्षता को बढ़ाते हुए संचालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे समय व लागत दोनों में कमी आएगी। डेटा प्रबंधन में सुधार के साथ, डेटा संग्रह, विश्लेषण और भंडारण की प्रक्रिया को बेहतर बनाया जा रहा है। डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से जानकारी और सेवाओं की सुलभता बढ़ाई जा रही है, जो नवाचार नए व्यावसायिक मॉडलों एवं सेवाओं को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इसके अतिरिक्त ऑटोमेशन से विभिन्न कार्यों में तेजी व कुशलता लाने में मदद मिलेगी।

# नक्सली विस्फोट में गंवा चुके थे पैर, सरकार ने लौटाई चलने की ताकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नक्सलियों द्वारा बिछाए गए बारूदी जाल में फंसकर पैर गंवा चुके आधा दर्जन ग्रामीणों को कृत्रिम पैर लगवाकर सरकार ने चलने की ताकत वापस दिलाई। माना के रिहैबिलिटेशन सेंटर में कृत्रिम पैर से चलने की ट्रेनिंग लेकर बस्तर के आधा दर्जन ग्रामीण उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलने उनके निवास पहुंचे।

■ कृत्रिम पैर लगाकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मिलने पहुंचे पीड़ित

बस्तर क्षेत्र के 70 नक्सल पीड़ितों ने बस्तर शांति समिति की पहल पर सितंबर में दिल्ली जाकर जंतर मंतर में प्रदर्शन करने के साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर बस्तर में शांति की गुहार लगाई थी। वापसी पर उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने मुलाकात कर हौसला बढ़ाने के साथ और आईईडी ब्लास्ट में पैर गंवाने वालों को कृत्रिम पैर लगवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से पहले चरण में कृत्रिम पैर लगाने के लिए बस्तर से 9 नक्सल पीड़ितों का आना तय हुआ था, किंतु व्यक्तिगत कारणों से 3 नहीं पहुंच पाए। बीजापुर के गुड्डू लेकाम, अवलम मारा, सोमली खत्री, खैरकम जोगा, राजाराम तथा सुकमा के सुक्की मड़कम को फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर समाज कल्याण परिसर माना कैंप रायपुर में कृत्रिम पैर लगाए गए। अपने पैरों से खुद चलने के काबिल होने के बाद वे उपमुख्यमंत्री के निवास पहुंचे और अपनी भावना व्यक्त की।

# शहर में बढ़ा गांजा का कारोबार महिला सहित 3 गिरफ्तार

■ आरोपियों के कब्जे से 6 किलो 266 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में गांजा का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। ओड़िशा, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से प्रतिबंधित गांजा की खेप चोरी छिपे रायपुर सहित कई जिलों में लाकर खपाई जा रही है।

इस कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए रायपुर पुलिस लगातार अभियान चला रही है और इससे जुड़े लोगों को गिरफ्तार भी किया जा रहा है। इसके बाद भी इसका कारोबार थम नहीं पा रहा है। पुलिस ने शुक्रवार को शहर के अलग-अलग इलाके से एक महिला सहित तीन लोगों को 6 किलो 266 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।



*महिला से 2 किलो 166 ग्राम गांजा बरामद : एक मामले में गोलबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को डीकेएस अस्पताल के पीछे पार्किंग के पास एक काला थैला लेकर खड़ी महिला को हिरासत में लेकर जब उसके थैला की तलाशी ली, तो उसमें गांजा भरा हुआ था। थैले में 2 किलो 166 ग्राम गांजा था, जिसकी कीमत 24 हजार रुपए बताई गई है। पूछताछ में महिला ने अपना नाम आबेदा बी पति सैयद साहिद बताया। वह लाखे नगर मैदान के पास आश्रम रोडका के पास रहती है। पूछताछ में महिला ने यह भी बताया कि वह गांजा बेचने के लिए वहां ग्राहक तलाश कर रही थी।*

### तेलीबांधा क्षेत्र में 2 व्यक्ति से 4 किलो 100 ग्राम जब्त

तेलीबांधा पुलिस ने लभांडी स्थित आबकारी कार्यालय के पास दिलीप निषाद 33 वर्ष निवासी लभांडी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसी प्रकार राम यादव उर्फ बाबा 47 वर्ष निवासी श्यामनगर दुर्गा मंदिर के कब्जे से 2 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस तरह दोनों आरोपियों के कब्जे से जब्त गांजा की कीमत 41 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने तीनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# स्वास्थ्य विभाग में फर्जी भर्ती, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

करीब आठ साल पहले अविभाजित रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद में स्वास्थ्य विभाग में हुई फर्जी भर्ती के बर्खास्तगी मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर पांच समिति का गठन किया गया है। बर्खास्त कर्मचारियों की रिट अपील के आधार पर आए फैसले के विरुद्ध शासन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर पांच सदस्यीय विभागीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। समिति द्वारा संबंधितों को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का मौका देने के लिए 19 अक्टूबर को सीएमएचओ कार्यालय बलौदाबाजार में बैठक रखी गई है। वर्ष 2021 में तीनों जिले में भर्ती स्वास्थ विभाग में वार्ड ब्वॉय सहित विभिन्न पदों पर भर्ती हुई थी। शिकायत के आधार पर मामले की जांच हुई और वर्ष 2016 में गठित जांच कमेटी की अनुशंसा के आधार पर नियुक्ति को अवैध मानते हुए 121 लोगों की को शासकीय सेवा से पृथक कर दिया गया था। इस मामले में 20 लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने शासन के आदेश को सही ठहराया था। इस आदेश के खिलाफ बर्खास्त कर्मचारियों ने रिट याचिका दायर की थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आदेश जारी किया था, जिसके खिलाफ शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) प्रस्तुत किया गया था। आवेदन का निपटारा करते हुए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्तियों की जांच 6 माह में पूरी कर फैसला लेने का निर्देश जारी किया गया था।



आठ साल पहले 121 अभ्यर्थियों को किया गया था बर्खास्त

## चार नए शासकीय मेडिकल कालेज बनाने की तैयारी

**रायपुर।** राज्य में ज्यादा से ज्यादा संख्या में डाक्टर तैयार करने और चिकित्सा सुविधा का विस्तार करने चार जिलों में मेडिकल कालेज बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। जांजगीर चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़ और दंतेवाड़ा के गीदम में नया कालेज भवन बनाने के लिए 1012 करोड़ का प्रावधान किया गया है। काम शुरू करने निर्माण एजेंसी तय करने के लिए ई-टेंडर भी जारी कर दिया गया है। अभी प्रदेश में दस शासकीय मेडिकल कालेज में चिकित्सा की पढ़ाई हो रही है। आने वाले दिनों में इसकी संख्या बढ़कर 14 हो जाएगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा चिकित्सक तैयार हो सकेंगे। इसके साथ ही दूरवर्ती जिलों में रहने वालों को बीमारी के इलाज के लिए लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा। इन जिलों में रहने वालों को अपने क्षेत्र में चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध मिलेगी। इन जिलों में कालेज भवन तैयार करने के लिए स्थानीय प्रशासन की मदद से जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया था।

## 10 महीनों में ही भाजपा सरकार फेल : शुक्ला

**रायपुर।** राज्यपाल द्वारा छत्तीसगढ़ में इन्वेस्टर मीट के लिए केंद्रीय वित्तमंत्री को दिए गए प्रपोजल पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, 10 महीनों में ही भाजपा की सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। कार्यक्रम तय करना विधायिका का उत्तरदायित्व है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार यह भी नहीं कर पा रही। जिला स्तर में अधिकारियों की बैठक तक राज्यपाल को लेनी पड़ रही है। श्री शुक्ला ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को स्पष्ट करना चाहिए की सरकार आखिर चला कौन रहा है। संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत यदि राजभवन से ही सरकार चलाना है तो ऐसे प्रदेश सरकार का कोई औचित्य नहीं है। तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाकर छत्तीसगढ़ की सरकार को भंग कर देना चाहिए।



### हर मंडल में 200 से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाने का टारगेट

# प्रदेश में भाजपा का एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का सदस्यता अभियान चल रहा है। इस समय सामान्य सदस्यता का दूसरा चरण चल रहा है। इसके बाद 16 से 30 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता को लेकर अभियान चलेगा। इस बार सक्रिय सदस्य बनने की भाजपा के कार्यकर्ताओं में होड़ लग गई है। हर कार्यकर्ता चाहता है कि उनके लिंक से 50 से ज्यादा सदस्य बन जाए ताकि उनको सक्रिय सदस्य की मान्यता मिल जाए।

हालांकि महज 50 सदस्य बनाने से ही सक्रिय सदस्यता नहीं मिल जाएगी, इसके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी का भी अनुमोदन लगेगा। प्रदेश संगठन ने एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हर मंडल से 200 से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। भाजपा के प्रदेश में 405 मंडल हैं। भाजपा का सदस्यता अभियान बूथ स्तर पर 6 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। इसके बाद से तेजी से सदस्य बनाने का काम चल रहा है। अब तक 37 लाख सदस्य बन गए हैं। भाजपा के जो पुराने सक्रिय सदस्य हैं, वे जहां इस प्रयास में जुटे हैं कि वे वापस सक्रिय सदस्यता प्राप्त कर लें, वहीं थोक में नए कार्यकर्ता भी इस प्रयास में हैं कि उनको भी इस बार सक्रिय सदस्यता मिल जाए ताकि उनको भी पार्टी में किसी पद तक पहुंचने का मौका मिल जाए। यही वजह है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस प्रयास में है कि उनके ही लिंक से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनें। हर कार्यकर्ता अपने लिंक को जहां अपने मित्रों को शेयर करके उनसे सदस्यता लेने का आग्रह कर रहा है, वहीं बूथों में भी जो कार्यकर्ता सदस्य बनाने जा रहे हैं, वे अभी इसी प्रयास में हैं कि उनके लिंक से ही आम लोग भाजपा की सदस्यता ले लें ताकि उनके लिए सक्रिय सदस्य बनने का रास्ता खुल सके।



### सक्रिय सदस्यों को ही मिलता है पद

भाजपा में पार्टी के किसी भी पद के लिए कार्यकर्ता का सक्रिय सदस्य होना जरूरी होता है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सामान्य सदस्य बनाने होते हैं। इसके बाद सक्रिय सदस्य को सौ रुपए का शुल्क देना होता है। लेकिन सिर्फ कोई 50 सदस्य बनाने के बाद सक्रिय सदस्य बन जाएगा ऐसा नहीं है। इसके लिए उस सदस्य के लिए उस जिले के भाजपा के जिलाध्यक्ष के साथ जिले के प्रभारी की सहमति भी जरूरी है। जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी यह देखते हैं कि वास्तव में जो सक्रिय सदस्य बनना चाह रहे हैं वे कितने सक्रिय हैं। देखा जाता है कि ये कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रमों, आंदोलनों और आयोजनों में आते हैं या नहीं। जो लोग महज पद के लिए सक्रिय सदस्य बनना चाहेंगे, उनके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी अनुमोदन नहीं करते हैं।


### समीक्षा समिति के संयोजक बने संजय

सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति संयोजक संजय श्रीवास्तव बनाए गए हैं। उन्होंने बताया, आज से 14 अक्टूबर तक जिलों में प्रत्यक्ष रूप से कार्यशालाएं आयोजित होंगी जिसमे प्रदेश के प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि 1 से 4 नवंबर तक सक्रिय सदस्यता के फॉर्म का सत्यापन व अनुमोदन होगा एवं 5 नवंबर को जिलों द्वारा सक्रिय सदस्यों की सूची जारी की जाएगी। समिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी व विकास मरकाम सदस्य बनाए गए हैं। जिला स्तर पर भी इस कार्य हेतु समितियां बनाई गई हैं।

# राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी पर राजभवन में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ के 25 और 26 अक्टूबर दो दिवसीय प्रवास के मद्देनजर राज्यपाल रमेन डेका के निर्देश पर शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने बैठक लेकर सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार की जाएं।



### राष्ट्रपति के तय कार्यक्रम

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु 25 और 26 अक्टूबर को एम्स रायपुर, एनआईटी रायपुर, आईआईटी भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। सचिव यशवंत कुमार ने इस दौरान सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा रायपुर एवं दुर्ग जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राज्य प्रोटोकॉल के अधिकारियों को भी सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी सभी संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जुन्नापानी में धूमधाम से किया दीप महायज्ञ

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम जुन्नापानी में दुर्गा नवमी के अवसर पर नव जागृति गणपति उत्सव समिति द्वारा गणपति स्थल पर 208 दीप प्रज्वलित कर दीप महायज्ञ किया गया। ग्राम जुन्नापानी में विगत 25 वर्षों से समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से क्वांर मास में भगवान शिव जी के सुपुत्र कार्तिक स्वामी जी की पूजा अर्चना करने की प्रथा चली आ रही है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष यह 11 दिवसीय गणपति उत्सव को रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं। प्रत्येक वर्ष दशहरा के 1 दिन पूर्व ग्राम के इष्ट देवी मां दंतेश्वरी गांव में दशहरा मनाने के लिए आती हैं। उस समय गणपति स्थल पर दीप प्रज्वलित कर माता रानी का स्वागत किया जाता है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश कोठारी, उपाध्यक्ष रोहित कुंजाम, सचिव डिलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष रूप राम यादव, संरक्षक खम्भन देवांगन, संदेश वाहक रविन्द्र उर्वशा का विशेष योगदान रहा।

### विधायक संगीता ने लिया मां दुर्गा का आशीर्वाद



**गुरूर।** दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने माता रानी की पूजा अर्चना की एवं क्षेत्र की समृद्ध व खुशहाली की कामना की।

### हत्या : 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि ग्राम पुरई उतई निवासी द्वारिका प्रसाद सिन्हा की हत्या करने वाला गोवर्धन चौक नेवई निवासी किशन उर्फ छोटू राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में गणेश, जयसिंग भी शामिल थे। तीनों ने मिलकर लोहे का सरिया व कटर से द्वारिका सिन्हा पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपी को पकड़ लिया है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### विद्युत लाइनों व उपकरण के सुधार के लिए विशेष अभियान कल से

**बालोद।** दीपावली त्यौहार के पहले विद्युत लाइनों और उपकरण के सुधार के लिए विद्युत विभाग द्वारा आगामी 14 अक्टूबर से विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। आगामी 21 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में शहर सहित जिले के तमाम 32 फीडरों में सुधार काम किया जाएगा। मरम्मत के लिए अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यानि कि छह घंटे बिजली बंद रहेगी। आपको बता दें कि जिला मुख्यालय से लेकर गांवों में भी विद्युत खपत अधिक होने से लो ओल्टेज की समस्या सामने आ रही है। हालांकि विद्युत विभाग द्वारा शिकायत सामने आने के बाद सुधार कार्य किए जाने का दावा किया जाता है।

## पर्व : नवरात्रि पर 9 दिनों तक माता की पूजा-अर्चना के बाद दी गई विदाई

# शोभायात्रा निकाल कर किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

- अरजपुरी में जोत जंवारा विसर्जन के साथ माता की विदाई

वनांचल ग्राम अरजपुरी में 9 दिन तक चले नवरात्र उत्सव का समापन ज्योति जंवारा विसर्जन के साथ हुआ। माता के भक्तों ने उन्हें भक्तिभाव के साथ विदा किया। ग्राम अरजपुरी में माँ आदिशक्ति जगदम्बा जगत जननी दन्तेश्वरी माँ का जंवारा विसर्जन के लिए गली भ्रमण किया गया। माता के जसगीतों पर श्रद्धालु झूमते हुए नजदीकी नदी-तालाब तक पहुंचे और ज्योति-जंवारा विसर्जित किया। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ यह सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा। कड़ी धूप में भी माता के भक्तों की भीड़ बनी रही। नवरात्रि के पावन पर्व की बिदाई के साथ ही ग्राम में इस शुभ अवसर पर गणपति स्थापना युवा बाल गणेशोत्सव समिति बाजार चौक अरजपुरी के तत्वावधान में रात्रिकालीन रंगारंग कार्यक्रम शनिवार को मोर जहुंरिया रिकार्डिंग डांस कार्यक्रम ग्राम-अड़जाल (कुसुमकसा) का रखा गया।





### डोकला में किया गया प्रतिमा विसर्जन

**गुरूर।** ग्राम डोकला में माता शीतला प्रांगण में 9 दिनों तक पूजा अर्चना के बाद हवन पूजन किया गया। उसके बाद शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता को विदाई देने पहुंचे।

### ग्राम कुलिया में हवन के बाद कराया कन्या भोज



**गुरूर।** ग्राम कुलिया स्थित दुर्गा मंदिर में हवन पूजन कर नौ कन्या भोज कराया गया। मंदिर समिति द्वारा नौ कन्या को भोजन कराने के बाद पूजन किया गया। ग्रामीणों ने भी नौ कन्या की पूजा कर उन्हें भेंट दिया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

### काल भैरव मंदिर में कराया नौ कन्या भोज



**गुरूर।** नगर के ऐतिहासिक काल भैरव मंदिर में शुक्रवार को हवन पूजन के बाद नौ कन्या भोज कराया गया। मंदिर आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में पंडितों की टीम ने पूजा करवाई। शनिवार को शोभायात्रा निकालकर प्रतिमा विसर्जन किया गया।

## दुर्गा मंदिर बालोद में शनिवार को हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

गंजपारा दुर्गा समिति द्वारा दुर्गा मंदिर बालोद में नवरात्र पर नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मंदिर में हवन पूजन किया गया। शनिवार को भंडारा का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि नवरात्रि के अवसर पर श्री दुर्गा समिति द्वारा श्रीमद देवी भागवत का आयोजन किया गया। इसमें रुचिता तिवारी ने भागवत कथा का रसपान कराया।



शुक्रवार को कथा का समापन हुआ, रात्रि में रुचिता तिवारी ने अपनी टीम के साथ भजन प्रस्तुत की, इसमें श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। आयोजन में दुर्गा समिति के सदस्य गण व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, सरक्षक टिकेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## जस सेवा गीत के साथ दी मां दुर्गा को विदाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/निकुम

ग्राम देवरी द में मां शीतला मंदिर में नवरात्रि पर्व पर मां काली व हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा विधिवत व मंत्रोच्चार के साथ की गई। वहीं, अष्टमी हवन कर मां शीतला मंदिर में नौ कन्या भोजन कर ग्रामीणों द्वारा महाभंडारा भोग आयोजित किया। ग्रामीण समिति शीतला समिति देवरी द अध्यक्ष हिन्छाराम साहू ने बताया कि हवन, यज्ञ के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक रुप से सेवा जसगीत ढोल, ताशे के साथ किया गया। गौरतलब हो कि



देवरी द की पूरे क्षेत्र में अलग ही पहचान है। इस गांव में मांस विक्रय पूरी तरह प्रतिबंध है। कहीं भी धार्मिक व सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन कर अभद्रता करने पर ग्रामीण दंड लेते हैं, जिसके कारण हुडदंग भी नहीं होती। वहीं, सरपंच प्रतिनिधि चुम्मन साहू ने बताया कि सार्वजनिक व समाजिक भोजन के लिए गांव में समाज के पास बड़ी संख्या में स्टील थाली व गिलास का उपयोग कर प्लास्टिक प्रतिबंध कर पर्यावरण सरंक्षण में अहम भूमिका निभा कर स्वच्छ गांव स्वच्छ गांव की थीम पर काम कर रहे हैं। वहीं, भोजन भंडारा में ग्रामीणों व महिलाओं की एकता दिखती है। सब मिलजुल कर आयोजन में सहयोग देते है। जिसमें सरपंच नेमबाई, युवराज साहू, अजय साहू, खेलनदास, छत्रपाल साहू, नेमीचंद सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेडक्रास सोसायटी बालोद द्वारा आयोजित सेवा शिविर का हुआ समापन

## नवरात्रि में सेवा देने वाले रेडक्रास के स्वयंसेवकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

रेडक्रास सोसायटी बालोद द्वारा आयोजित सेवा शिविर का समापन हुआ। नौ दिनों तक निःशुल्क सेवा कार्य करने के बाद बच्चों को सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रमुख ट्रस्टी सोहन लाल टावरी ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

बच्चों के द्वारा मंदिर प्रांगण में सुबह 4 बजे से लेकर रात तक सेवा कार्य किया जाता था। दल नायक भोजेश्वर ने बताया कि हम लोगों का सबसे पहला काम सफाई होता था, मंदिर प्रांगण, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग, मंदिर के बाहर, मेला



परिसर की सफाई की जाती थी, उसके बाद सभी बच्चों की ड्यूटी अलग अलग लगाई गयी थी, कोई भोजन परोसता, कोई मंदिर के अंदर भक्तजनों को क्रमबद्ध अंदर भेजने का कार्य करते, मंदिर के अंदर से नारियल हटाने जैसे कार्य दिनभर करते थे। कमजोर व वृध्द लोगों को मंदिर तक दर्शन कार्य करने व्हील चेयर से दर्शन कराकर सेवा कार्य किया गया। बच्चों को सेवा कार्य कर बहुत ही अच्छा लगा। रेडक्रास जिला संगठक चंद्रशेखर पवार ने बताया कि रेडक्रास का उद्देश्य स्वास्थ्य, सेवा, मित्रता है और इसके सात सिद्धांत पर हमारे वालेंटियर कार्य को अंजाम दिया। विगत 9 वर्षों से कोरोना काल को छोड़कर हम इस मंदिर में निःशुल्क सेवा दे रहे हैं। गंगा मैय्या मंदिर में सेवा देने बहुत से बच्चों का आवेदन प्राप्त होता है, परन्तु हम उन सभी में बेहतर कार्य करने वाले बच्चे का चयन करते हैं।

इस वर्ष कार्य करने वाले बच्चो में भोजेश्वर बालोद कालेज से, भूपेन्द्र कुमार डौण्डी कालेज, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिखली से कुशाग्र, ऐमनदास, भारत, धनेश्वर, भास्कर, सौरभ, टिकेश्वर, नमन, गौरव, ओमकार, राजू, दीपक बच्चों ने सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

## कोसमी में दुर्गा विसर्जन के बाद किया रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

ग्राम कोसमी में शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसके पूर्व बाजे गाजे के साथ जस गीत गाते हुए गांव में भ्रमण कराया गया। ग्राम की महिलाओं ने अपने-अपने घर के सामने जल आचमन कर पूजा पाठ करते हुए आशीर्वाद लिया और नम आंखों से विदाई दी।

रात्रि में दशहरा उत्सव मनाया गया जिसमें राम की सेना रथ पर सवार होकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। राम-रावण संवाद के बाद 30 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन कर आतिशबाजी की गई। रात्रि में मनोरंजन के लिए ज. परसाडीह की जस झांकी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष



सेवाराम पिस्दा, डेरहा गुगेल, भोजराम किसान,विश्वनाथ, दुलार साहू, सुरेश, भुनेश्वर, राधे, रुपेश, अतुल, जोहित, ललित, दीपचन्द, तुकाराम,परदेशी, जीवधन, खिलावन यादव, भवानी राउटे, अशवंत, कुलेंज सहित कोसमी के सभी ग्रामवासियों का योगदान रहा।



## शोभायात्रा के दौरान टूटा बिजली का तार, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान ग्राम कंवर में डांग में फंसकर बिजली का तार टूट गया। वहीं, विद्युत तार की चपेट में आने से 6 ग्रामीण घायल हो गए। अन्य ग्रामीणों की सजगता एवं त्वरित कार्यवाही से बड़ी घटना टल गई। घटना में घायल सभी ग्रामीण सुरक्षित हैं। सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कंवर में देवी दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा ग्राम की गलियों का भ्रमण कर रही थ। शोभायात्रा के साथ देवी देवता व डांग डोंरी भी थे। इसी दौरान गली में विद्युत तार डांग में फंसकर टूट गया। टूटे तार में विद्युत प्रवाहित हो रही थी, जिसकी चपेट में आने से कम से कम 6 ग्रामीण घायल हो गए।




## महादेव सट्टे का मास्टर माइंड सौरभ की गिरफ्तारी से ट्विनसिटी में खलबली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टा का मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर के गिरफ्तारी की खबर से इस्पात नगरी में सनसनी फैल गई है। राजनीतिक दलों के कई छुटभैया नेताओं की हालत पतली हो गई है। इसके अलावा शहर में रहकर बेखौफ तरीके से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले भी दिन भर पूछ परख करते रहे है। महादेव सट्टा का संचालन सौरभ चंद्राकर को इंटरपोल के अधिकारियों ने दुबई से पकड़ लिया है। दुबई की पुलिस और स्थानीय फोर्स के साथ मिलकर सीबीआई और ईडी के अधिकारियों ने सौरभ चंद्राकर से जुड़ी हर डिटेल इंटरपोल को दी थी। सात दिनों के भी सौरभ चंद्राकर को भारत लाया जा सकता है। खबरों के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद इंटरपोल के अफसर ने भारतीय विदेश मंत्रालय को खबर दी है। अब सौरभ चंद्राकर को भारत और फिर जल्द भिलाई दुर्ग लाने की तैयारी चल रही है। उसे लाने के लिए अफसरों ने दस्तावेजों का काम जल्द निपटने में लग गए है। लंबे समय से फरार चल रहे सौरभ चंद्राकर को पकड़ने दुबई में अफसर अपनी पहचान छुपाकर रह रह रहे थे। जैसे ही सौरभ चंद्राकर के ठिकानों की जानकारी हुई तुरंत उसे धरदबोचा गया। मिली जानकारी के मुताबिक सौरभ चंद्राकर की यूएई में गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को रायपुर ईडी की ओर से पीएमएलए कोर्ट से प्रत्यर्पण से जुड़े दस्तावेज विदेश मंत्रालय को भेजे गए है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

13102024-Isp-06_Layout 1 10/13/2024 12:14 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### धोबनपुरी में विधायक संगीता ने किया निर्माण कार्य का लोकार्पण

**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम धोबनपुरी स्थित शीतला मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। उसके बाद मंदिर परिसर में ही लाखों की लागत से निर्मित पेवर ब्लाक निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। विधायक संगीता सिन्हा ने कुछ ग्रामीणों द्वारा समस्याएं बताए जाने पर शीघ्र ही निराकरण का आवश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने की। समारोह में ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष दुर्गाराम सिन्हा, जनपद सदस्य ममता मनहरण साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, डॉ ओंकार महमल्ला, पारख साहू, नारद यादव, नरेश कुमार, सरपंच कुंती रावटे, राधेश्याम उपस्थित थे।

### पसौद में अष्टमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**लाटाबोड़।** शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर शुक्रवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों और पंडालों में हवन-पूजन का दौर देर रात तक़ चलता रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी और माता दुर्गा व माता सरस्वती की आराधना की। पंडालों में विधि-विधान से हवन पूजन के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया जगह-जगह भंडारा व खीर पूड़ी, हलवा का प्रसाद वितरण किया गया। इसी क्रम में गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद में अमृत बाई साहू ने अपने पति खेमूराम साहू की स्मृति में ग्रामीणों को माँ दुर्गा मंदिर प्रांगण बाजार चौक में खीर पूड़ी का वितरण किया। शुक्रवार को अधिकतर देवी मंदिरों व कुछ दुर्गा पंडालों में हवन-पूजन किया गया। वहीं शनिवार को बाजे गाजे के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन किया।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**भिलाई।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। घटना नेवई और पदमनाभपुर थाना क्षेत्र का है। पदमनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि रविवार की रात अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सीजी 07 सीएल 5451 में सवार वार्ड 42 कसारीडीह सुभाष नगर दुर्ग निवासी नीरज नागवंशी जाने के लिए निकला था। इस दौरान दुर्ग आरटीओ कार्यालय के सामने अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार को चपेट में लिया। घटना में नीरज की मौक पर मौत हो गई। मृतक मजदूरी का काम करता था। वहीं दूसरी घटना नेवई की है। टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि स्टेशन मरोदा निवासी राजबीर रामटेके और मिथलेश गायकवाड 10 अक्टूबर की बाइक से कर्मा चौक की ओर जा रहे थे। इस दौरान बिलाश बोरकर की वाहन को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में विलाश बोरकर को चोट आई। खबर लगते ही पुलिस दोनों घायलों को अस्पताल पहुचाया गया। जहां राजवीर ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। दूसरा का उपचार जारी है।

### गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में हुई नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति

**गुरूर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ की गई। मुख्य यजमान संतोष साहू, सविता साहू, नेमी साहू खेमलता साहू, डोमेन्द्र सिन्हा, भूमिका सिन्हा थे। यज्ञ का संचालन खिलावन सिन्हा, गायत्री सिन्हा शांतिकुंजवासी ने किया। संगीतमय प्रस्तुति डॉ गोपाल साहू, वरुण साहू, पुनेश्वर निर्मलकर ने दी। इस अवसर पर खिलावन सिन्हा द्वारा शांतिकुंज का संदेश एवं गायत्री यज्ञ के महत्व पर उद्बोधन दिया, विजन 2026 वंदनिया माता जी के जन्म शताब्दी की जानकारी दी। गायत्री सिन्हा ने गर्भ संस्कार का महत्व बताते हुए चार गर्भवती बहनों का गर्भ संस्कार करवाया। डॉ गोपाल साहू ने साधना अनुष्ठान का महत्व बताते हुए उनसे होने वाले मानसिक, शारीरिक, आर्थिक एवं आध्यात्मिक लाभ के बारे जानकारी दी।

## पर्व : नवरात्रि के 9 दिन पूजा-अर्चना के बाद दशहरा को किया गया विसर्जन

# ज्योति-जंवारा के साथ प्रतिमाओं का किया विसर्जन, नम आंखों से दी माता को विदाई









हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर स्थापित मनोकामना ज्योति-जंवारा तथा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का शनिवार को विसर्जन किया गया। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

इससे पहले नवरात्रि पर्व पर महा अष्टमी की पूजा अर्चना एवं पूर्णाहुति के साथ आरती महा आरती की गई, जिसके बाद नौ कन्या भोज कराया गया। शनिवार को देवी मंदिरों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन करने का क्रम सुबह से प्रारंभ हो गया था। सबसे पहले महामाया मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को महिलाओं ने निकाला। वे बाजार पारा में स्थापित स्थित माता शीतला मंदिर के पास पहुंचे। वहां से शीतला मंदिर में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को महिलाएं सिर पर धारण कर कतार बद्ध होकर निकालीं। उसके बाद विभिन्न जस गीत गाती मंडलियां एवं आतिशबाजी के साथ बाजार पारा में स्थित माता भद्रकाली मंदिर के पास तालाब में पहुंचे। वहां बैगाओं के मनोकामना कलश विसर्जन के पूर्व पूजा की। उसके बाद एक-एक करके ज्योति कलश को विसर्जित



किया गया। वहीं, माता भद्रकाली में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश को मंदिर परिसर में ही शांत किया गया। बमलेश्वरी मंदिर में भी ज्योति कलश को वहीं पर शांत किया गया।

**9 कन्याओं की पूजा कर कराया गया भोजन-** नवरात्रि पर्व पर 9 दिन तक उपवास रहने वाले श्रद्धालुओं ने नौ कन्या की पूजा कर उन्हें भोजन कराया। इसके साथ ही उनकी पूजा-अर्चना कर उन्हें श्रृंगार सामग्री व वस्त्र आदि भेंट किए।


**चीजगांव में रामधुनी के साथ प्रतिमा विसर्जन-** चीजगांव के शीतला चौक में मां दुर्गा, मां शीतला भवानी एवं स्कूल चौक में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई थी। अष्टमी पर नौ कन्याओं को भोजन कराया गया। साथ ही सभी श्रद्धालु जनों को खीर-पूड़ी की प्रयास बांटी गई। शनिवार को सुबह प्रातः आरती पश्चात माता रानी के दरबार से जस सेवा मंडली के साथ विसर्जन के लिए ट्रैक्टर पर मां दुर्गा एवं मां सरस्वती की प्रतिमा को रखकर ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए तालाब पहुंचे। मार्ग पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा एवं मां सरस्वती की आरती उतारकर आपनी मनोकामना के लिए प्रार्थना की। मातारानी का विसर्जन कार्यक्रम दोपहर 1 बजे स्कूल चौक स्थित तालाब में किया गया। विसर्जन के बाद पुरोहित महाराज चेतन शर्मा, बैगा एवं पंडा की आरती भी उतारी गई। इसके बाद पंडा, बैगा एवं पुरोहित महाराज को उसके घर तक रामधुनी के साथ पहुंचाने गये। साथ ही समस्त ग्रामवासियों ने इन सभी का, सभी भक्तों एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया, जो लगातार मातारानी की सेवा में लगे रहे।



### अष्टमी व नवमी पर किया ज्योति विसर्जन

**थान खम्हरिया।** नगर के सभी दुर्गा पंडालों व शीतला मंदिर, महामाया मंदिर में अष्टमी व नवमीं के दिन आचार्य पंडितों के द्वारा विधि विधान से समिति के सदस्यों द्वारा हवन कराया गया। अष्टमी की रात्रि दंतेश्वरी मंदिर, सुबह नवमी के दिन शीतला मंदिर की ज्योति का विसर्जन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने माता को विदाई दी।

### अमचो में मां दुर्गा को विदाई देने उमड़े ग्रामीण



**बेमेतरा।** ग्रामीण अंचल अमचो में माँ महामाया समिति के तत्वावधान में गांव के महामाया मंदिर प्रांगण में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से गांव की सुख-शांति एवं खुशहाली की कामना के लिए इस शारदीय नवरात्रि पर माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। नवरात्रि के पूरे दिन ग्रामचार्य द्वारा सुबह-शाम विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। दसवें दिन गांव के बच्चों से लेकर वृद्धजनों के साथ माताएं और बहनों ने माँ जगदम्बा को विदाई दी। महामाया प्रांगण से जसगीत के माध्यम से सेवा करते हुए गांव की भ्रमण कर तालाब तक जाकर विसर्जन किया। नुतेश्वर चंद्राकर ने बताया कि बसाहट में ग्राम अमचो बहुत छोटा होने के कारण यहां सन 1995 से लेकर आज तक गांव के सभी भाई-बहनें अपनी एकरूपता का परिचय देते हुए सिर्फ महामाया प्रांगण में ही माँ दुर्गा प्रतिमा की स्थापना करते हैं। ग्रामवासियों को 9 दिन तक पाली-पाली से माता रानी की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

### बरगा में माता रानी को दी गई विदाई

**बेमेतरा।** ग्राम बरगा में शारदीय नवरात्रि पर स्थापित मां दुर्गा एवं मां सरस्वती प्रतिमा की विसर्जन किया गया। मातारानी की चौराहों पर पूजा-अर्चना की गई। दुर्गा उत्सव समिति के लोग सेवा जस गीत टीम के साथ माता सेवा जस गीत गाते हुए वार्ड की प्रमुख गलियों का भ्रमण करते हुए नदी पहुंचे, जहां देवी प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान विशेष रूप से जिला पंचायत सदस्य गोवेन्द्र पटेल, दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य पीलू राम साहू, हेमंत साहू, कन्हैया पाल, शिवचरण पाल, देव सिंह साहू, लालसिंह साहू, पोषण पाल, ओम पाल, बिसाहू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।



### पुलिस कालोनी में स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमा का किया विसर्जन



**बेमेतरा।** न्यू पुलिस कालोनी में माँ दुर्गा भवानी की प्रतिमा स्थापित कर 09 दिनों तक पुलिस कालोनी में पुलिस परिवार द्वारा जस गीत/भजन कीर्तन कर अपने जीवन को कृतार्थ किया। अष्टमी व नवमी के दिन विधि विधान से पूजा अर्चना कर हवन और पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज कर भंडारा का आयोजन किया गया। माँ दुर्गा भवानी पंडाल में हवन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही रात्रि में पुलिस परिवार के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शनिवार को बाजे गाजे के साथ उत्साहित होकर नाचते-गाते माँ दुर्गा भवानी के जयकारे लगाते हुए प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस परिवार के बच्चों एवं महिलाओं ने भी शामिल होकर माँ दुर्गा भवानी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

## मां दुर्गा पूजा में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत अंजोरा मंडल अंतर्गत ग्राम रसमड़ा, दमोदा, नगपुरा,अ अंजोरा (ख) में मां दुर्गा अष्टमी पर विभिन्न स्थानों पर विराजमान मां जगत जननी जगदंबा की भव्य पूजा-अर्चना में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। उन्होंने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर से प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर



पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, नंदू निर्मलकर , चमन लाल , देव प्रसाद साहू सरपंच संगीता माखन साहू जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, जनपद पंचायत सभापति हरेंद्र घृत लहरे,संतोष देशमुख, यशवंत देशमुख, तोमन साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## किसानों के आंदोलन को अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

ग्राम पथर्रा स्थित एथेनॉल प्लांट के विरोध में शनिवार को अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के जिला अध्यक्ष एवं कृषि समिति के सभपति लाला भारती ने ग्रामीणों के बीच अपने संगठन के साथियों के साथ पहुंच कर प्लांट के विरोध में अपना समर्थन व्यक्त किया।

लाला भारती ने कहा कि छत्तीसगढ़ी महासभा किसानों और ग्रामीणों के साथ है। प्लांट के दुष्प्रभाव का गहन अध्ययन करने के बाद ही हमने आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण ही नहीं आस पास की मृदा भी इसके वेस्ट वाटर से दूषित होकर अपनी उर्वरा शक्ति खो देगी। ये धरती माता को बचाने की लड़ाई है। नजदीक में जेवरा स्कूल, पथर्रा स्कूल, मटका स्कूल तक में प्लांट से निकलने वाली बदबू से छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं को बेहद परेशानी और मुश्किल होगी।उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा पूरे जिले के कार्यकर्ताओं सहित प्लांट में ताला बन्दी के लिए आंदोलन पर विचार कर रही है। माटी और माटी पुत्र किसानों के लड़ाई में महासभा अंतिम समय तक पुरजोर साथ देकर खड़ी हुई है।



उपस्थित आंदोलन रत किसानों ने महासभा के जिला अध्यक्ष लाला भारती को आंदोलन में समर्थन देने के लिए छत्तीसगढ़ी महासभा का आभार व्यक्त किया।

**एथेनाल प्लांट का जलाया पुतला-** ग्राम पथर्रा में एथेनाल प्लांट बंदी आंदोलन का दशहरे पर 20 वां दिन रहा। इस दौरान आंदोलनकारियों को दशहरे पर्व पर रावण के पुतले के साथ-साथ शासन प्रशासन और एथेनाल प्लांट के पुतले का भी विरोध स्वरूप दहन किया गया। इसके अलावा प्रदर्शन कर रहे पुरुषों ने बताया कि वे विरोध स्वरूप रविवार को 11 बजे मुंडन कराएंगे। वहीं, सोमवार सुबह महिलाएं जिला मुख्यालय के लिए कूच करेंगी। कार्यक्रम में पद्मश्री राकेश तिवारी, प्रकाश ठाकुर, सिद्दीक खान, घनाराम, वीरेंद्र साहू, इलियास अहमद नरेश साहू, खेमाराम साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विधायक दीपेश ने बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक में किया प्रेरित

# रिकॉर्ड तोड़ सदस्य बनाकर प्रदेशभर में बेमेतरा को सबसे आगे लाना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश संगठन के आह्वान पर जिला संगठन के मार्गदर्शन में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र केंद्र के प्रभारियों की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में रखी गई। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक दीपेश साहू शामिल हुए

बैठक को संबोधित करते हुए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने सभी भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर



कार्यकर्ता मजबूत है, जो हर परिस्थिति में पार्टी के लिए और देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करता है। हम सब मिलकर इस सदस्यता अभियान को लेकर प्रत्येक वर्ग समुदाय, मोहल्ला के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान को लेकर जाना है और रिकॉर्ड तोड़ सदस्य बनाकर प्रदेशभर में बेमेतरा विधानसभा को सबसे आगे लाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम सब को मिलजुल कर काम करना होगा। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में जो विकास के काम हुए हैं, उनको लेकर जन-जन तक जायेंगे और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से लोगों को जोड़ेंगे। बैठक में होरीलाल सिन्हा प्रदेश मंत्री, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, योगेश वर्मा, धर्मेंद्र साहू, संतोष वर्मा, विनय साहू, राजू देवांगन, परमेश्वर साहू, रेवाराम निषाद, गोपी देवांगन, दीनानाथ साहू, लक्ष्मीनारायण यादव सहित समस्त मण्डल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और शक्ति केंद्र के प्रभारी उपस्थित रहे।

